# विश्व पर्यावरण दिवस आज, शुरू होगा 'एक पेड़ माँ के नाम 2.0' अभियान



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 5 जून को भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय सभागार में 'एक पेड़ माँ के नाम 2.0' अभियान का शुभारंभ करेंगे। राज्य स्तरीय समारोह में पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण और सतत विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली संस्थाओं और व्यक्तियों को 11 राज्य स्तरीय पर्यावरण पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

कार्यक्रम में सर्कुलर इकॉनॉमी से जुड़े पांच कोर्स मॉड्यूल तथा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत 16 जिलों की 500 बावड़ियों के प्रलेखन दस्तावेजों का विमोचन भी किया जाएगा। साथ ही पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और सर्कुलर इकॉनॉमी से जुड़े नवाचारों का प्रदर्शन किया जाएगा। अभियान के तहत नागरिकों, शैक्षणिक संस्थानों, उद्योगों, स्व-सहायता समूहों, पंचायतों और सामाजिक संगठनों को व्यापक स्तर पर पौधारोपण के लिए प्रेरित किया जाएगा। रोपे गए पौधों का जियो-टैगिंग कर उनका पंजीयन Meri LiFE पोर्टल पर किया जाएगा, जिससे पौधों की निगरानी और संरक्षण सुनिश्चित हो सके। यह अभियान 5 जून से 30 सितंबर 2026 तक प्रदेशभर में संचालित होगा।

विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रदेश के सभी जिलों में जन-जागरूकता कार्यक्रम, संगोष्ठियां, रैलियां, पौधारोपण अभियान, स्वच्छता गतिविधियां, चित्रकला और निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रमों का केंद्र पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, जैव-विविधता संवर्धन, जल संरक्षण और हरित विकास रहेगा। शासन का उद्देश्य पौधारोपण को जन-आंदोलन का स्वरूप देकर अधिक से अधिक लोगों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ना है।

## सीएम ने स्व. प्रभात झा की जयंती पर किया नमन

*भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व राज्यसभा सांसद वरिष्ठ पत्रकार स्व. प्रभात झा की जयंती पर पुण्य स्मरण कर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्व. श्री झा ने अपनी धारदार लेखनी से देश एवं समाज को दिशा दी। जनसेवा और संगठन के विस्तार के लिए वे हमेशा समर्पित रहे। उनका बहुआयामी व्यक्तित्व हम सभी को प्रेरणा देता है।*

## अधिकारियों-कर्मचारियों की वेतनवृद्धि रोकने, पदावनति एवं पेंशन कटौती के निर्देश

# अनियमितताओं पर नगरीय विकास एवं आवास विभाग की सख्त कार्रवाई



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने विभिन्न नगरीय निकायों में वित्तीय अनियमितताओं, निर्माण कार्यों में लापरवाही, शासकीय भूमि से जुड़े मामलों और कोरोना काल में सामग्री क्रय में गड़बड़ियों को लेकर सख्त कार्रवाई की है। विभागीय जांच में दोषी पाए गए अधिकारियों और कर्मचारियों पर वेतनवृद्धि रोकने, पदावनति, पेंशन कटौती और अनिवार्य सेवानिवृत्ति जैसी अनुशासनात्मक कार्रवाइयां की गई हैं।

नगरीय विकास एवं आवास आयुक्त संकेत भोंडवे के निर्देश पर लंबित जांच प्रकरणों में कार्रवाई करते हुए नगर परिषद नगौद में स्टॉप डैम निर्माण कार्य में अनियमितता के मामले में मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय पाण्डेय पर परिनिंदा आरोपित की गई है। इसके चलते वे एक वर्ष तक पदोन्नति के लिए पात्र नहीं रहेंगे। नगर परिषद जैतहरी में कोरोना काल के दौरान सामग्री क्रय में गड़बड़ियों के मामले में तत्कालीन भंडार प्रभारी मोहित शर्मा, प्रभारी मुख्य लिपिक लेखापाल रजनीश लहंगी और स्वच्छता प्रभारी संजीव राठौर की चार-चार वेतनवृद्धियां संचयी प्रभाव से रोक दी गई हैं। इसी निकाय में शासकीय विद्यालय की भूमि और आय से जुड़े मामले में राजस्व निरीक्षक अवधेश बीजी की दो वेतनवृद्धियां तथा तत्कालीन प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र सिंह की दो वेतनवृद्धियां रोकने की कार्रवाई की गई है।

भूमि संबंधी अनियमितताओं के एक अन्य मामले में जैतहरी के तत्कालीन प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम मिलन तिवारी की सेवानिवृत्ति के बाद उनकी पेंशन का 10 प्रतिशत हिस्सा स्थायी रूप से रोका गया है।

वहीं कोरोना कालीन खरीद से जुड़े एक अन्य प्रकरण में उनकी पेंशन का 20 प्रतिशत भाग भी स्थायी रूप से काटने का आदेश दिया गया है।

नगर परिषद पिपलौदा में नीलामी प्रक्रिया में गंभीर अनियमितता पाए जाने पर प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरुण पाठक की तीन वेतनवृद्धियां रोक दी गई हैं।

नगर पालिका परिषद शहडोल में मोहनराम मंदिर तालाब सौंदर्यीकरण कार्य में अनियमितताओं के कारण उपयंत्री देव कुमार गुप्ता और तत्कालीन सहायक यंत्री बृजेंद्र प्रसाद शर्मा की तीन-तीन वार्षिक वेतनवृद्धियां रोकी गई हैं।

इसी प्रकार तालाब संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण योजना के तहत धार में देवीसागर तालाब निर्माण कार्य में गड़बड़ी पाए जाने पर तत्कालीन उपयंत्री सुधीर ठाकुर और सहायक यंत्री देवेंद्र कोल की एक-एक वेतनवृद्धि रोकी गई है। आगर मालवा जिले की सोयतकलां नगर परिषद में भूखंड प्रकरण में शासन को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के मामले में तत्कालीन मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक कुमार पांचाल को पदावनत कर राजस्व निरीक्षक से उप राजस्व निरीक्षक बना दिया गया। इसके अलावा नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय में पदस्थ सहायक वर्ग-दो कर्मचारी शेखर ठाकुर के लंबे समय तक अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने पर उन्हें अनिवार्य सेवानिवृत्ति प्रदान की गई है। आयुक्त संकेत भोंडवे ने स्पष्ट किया है कि शासकीय कार्यों में अनियमितता, वित्तीय गड़बड़ी और लापरवाही के मामलों में दोषियों के खिलाफ आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

# मध्यप्रदेश में 6 जून को भारत-लैटिन अमेरिका व्यापार एवं निवेश फोरम

*नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्यप्रदेश को वैश्विक निवेश केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल के तहत 6 जून को इंदौर में भारत-लैटिन अमेरिका एवं कैरिबियन (एलएसी) व्यापार एवं निवेश फोरम-2026 आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस अंतरराष्ट्रीय फोरम का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में लैटिन अमेरिका और कैरिबियन क्षेत्र के 15 देशों के राजदूतों, उच्चायुक्तों, महावाणिज्यदूतों, निवेशकों, उद्योगपतियों और सरकारी अधिकारियों सहित 350 से अधिक प्रतिनिधि शामिल होंगे। ग्लोबल इंडिया बिज़नेस फोरम (जीआईबीएफ) द्वारा एमपीआईडीसी के सहयोग से आयोजित यह कार्यक्रम इंदौर के रेडिसन ब्लू होटल में होगा। फोरम का उद्देश्य निवेश, निर्यात और अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक साझेदारियों को बढ़ावा देना है। राज्य सरकार निवेशक हितैषी नीतियों, मजबूत अधोसंरचना और तेज निर्णय प्रक्रिया के माध्यम से वैश्विक निवेश आकर्षित करने पर विशेष जोर दे रही है। वर्ष 2025-26 में मध्यप्रदेश से लैटिन अमेरिका और कैरिबियन देशों को लगभग 4,186 करोड़ रुपये का निर्यात हुआ, जो पिछले वर्ष की तुलना में 12.6 प्रतिशत अधिक है। फार्मा क्षेत्र का इसमें प्रमुख योगदान रहा है। फोरम में औषधि, ऑटोमोबाइल, टेक्सटाइल, खाद्य प्रसंस्करण, सूचना प्रौद्योगिकी, पर्यटन, फिनटेक और शिक्षा क्षेत्र में निवेश संभावनाओं पर चर्चा होगी।*

# पद्मश्री से सम्मानित हस्तियों की मुख्यमंत्री से भेंट




**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से गुरुवार को पद्मश्री सम्मानित शास्त्रीय गायक उमाकांत गुंदेचा और वर्ष 2026 में पुरातत्व विज्ञान के क्षेत्र में पद्मश्री से सम्मानित डॉ. नारायण व्यास ने सौजन्य भेंट की। मुलाकात के दौरान दोनों हस्तियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में किए गए कार्यों और उपलब्धियों की जानकारी मुख्यमंत्री को दी। डॉ. नारायण व्यास ने मुख्यमंत्री को बताया कि उन्होंने प्रसिद्ध पुरातत्वविद पद्मश्री डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर के साथ रायसेन जिले स्थित विश्वविख्यात शैलचित्र स्थल भीमबैठका पर महत्वपूर्ण अनुसंधान कार्य किया है। इसके अलावा गुजरात के अहमदाबाद के निकट स्थित ऐतिहासिक धरोहर 'रानी की वाव' बावड़ी से जुड़े शोध कार्यों में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने पुरातत्व क्षेत्र में किए गए अपने कार्यों से संबंधित प्रकाशन मुख्यमंत्री को भेंट किए तथा हाल ही में प्राप्त पद्मश्री सम्मान और प्रशस्ति-पत्र की जानकारी भी साझा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डॉ. व्यास के पुरातत्व एवं सांस्कृतिक विरासत संरक्षण के क्षेत्र में योगदान की सराहना की। वहीं शास्त्रीय गायक उमाकांत गुंदेचा से भारतीय शास्त्रीय संगीत, गायन परंपरा और उनकी प्रस्तुतियों को लेकर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने दोनों पद्मश्री सम्मानित हस्तियों को बधाई देते हुए उनके कार्यों को समाज और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायी बताया।

# गुर्जर महासभा ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से की मुलाकात



**▸▸ विधायक प्रीतम सिंह लोधी के बयान पर कार्रवाई की मांग, भाजपा ने दिया समाज के सम्मान का आश्वासन**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल से अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर विधायक श्री प्रीतम सिंह लोधी के हालिया बयान पर आपत्ति जताई और कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने इस संबंध में ज्ञापन भी सौंपा।

गुर्जर महासभा ने आरोप लगाया कि विधायक के बयान से समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। इस पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि पार्टी गुर्जर समाज के सम्मान के साथ है और उनके योगदान को महत्व देती है। उन्होंने कहा कि विधायक का बयान पार्टी का आधिकारिक मत नहीं है, यह उनका व्यक्तिगत विचार है।

श्री खण्डेलवाल ने बताया कि पार्टी संगठन इस मामले को गंभीरता से ले रहा है और जल्द ही विधायक से चर्चा की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि गुर्जर समाज का देश की सुरक्षा और विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है तथा भाजपा उनके हितों और सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रतिनिधिमंडल ने त्वरित संज्ञान लेने के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। इस मुलाकात में महासभा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल रहे।

# पुलिस प्रशिक्षण शाला उज्जैन में 206 नव आरक्षकों का दीक्षांत समारोह सम्पन्न

## 313 दिवसीय प्रशिक्षण में आधुनिक पुलिसिंग पर दिया गया विशेष जोर



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** पुलिस प्रशिक्षण शाला (पीटीएस) उज्जैन में नव आरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण के पांचवें सत्र का दीक्षांत समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर 206 नव आरक्षकों ने 313 दिवसीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण कर मध्यप्रदेश पुलिस की मुख्यधारा में प्रवेश किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक उज्जैन जोन श्री राकेश गुप्ता ने परेड की सलामी ली और नव आरक्षकों को शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि पुलिस सेवा में जनता का विश्वास सबसे बड़ी पूंजी है और वर्दी का वास्तविक सम्मान संवेदनशील एवं अनुशासित व्यवहार से प्राप्त होता है।

पुलिस अधीक्षक पीटीएस उज्जैन श्रीमती मनीषा पाठक सोनी ने बताया कि प्रशिक्षण पुलिस मुख्यालय के निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार दो सेमेस्टर में संचालित किया गया। इसमें 12 विषयों की लिखित परीक्षाएँ, आउटडोर गतिविधियाँ, व्यावहारिक प्रशिक्षण, भ्रमण, प्रदर्शन आधारित शिक्षण तथा आधुनिक हथियारों से फायरिंग प्रशिक्षण शामिल रहा।

प्रशिक्षण के दौरान तकनीक आधारित पुलिसिंग पर विशेष ध्यान दिया गया। साइबर वॉरियर योजना के अंतर्गत 61 नव आरक्षकों का चयन भी किया गया है। कार्यक्रम में वार्षिक स्मारिका 'साहस' का विमोचन किया गया तथा नव आरक्षकों को संविधान एवं पुलिस आचरण संहिता की शपथ दिलाई गई।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को सम्मानित किया गया, जिसमें आरक्षक आदित्य उपाध्याय को सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षणार्थी का पुरस्कार मिला। इसके अलावा अन्य प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षकों के योगदान की सराहना की गई।

# 400 से अधिक विद्यार्थी ले रहे आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण




भोपाल,। संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क, भोपाल में साइबर सिक्योरिटी एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस/मशीन लर्निंग प्रशिक्षण कार्यक्रम-2026 का शुभारंभ किया गया। यह तीन दिवसीय कार्यक्रम मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश के 400 से अधिक विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।

कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को साइबर सुरक्षा और एआई जैसी उभरती तकनीकों में दक्ष बनाकर उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ाना है। यह पहल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रदेश को फ्यूचर रेडी बनाने के विजन के अनुरूप है। प्रशिक्षण में एलएनसीटी, बंसल, ओरिएंटल, आईईएस और एआईएसईसीटी जैसे प्रमुख संस्थानों के विद्यार्थी शामिल हैं। पहले दिन साइबर सिक्योरिटी पर विशेषज्ञ सत्र आयोजित किए गए, जिसमें डेटा सुरक्षा, डिजिटल सिस्टम की सुरक्षा, पासवर्ड प्रबंधन और फिशिंग जैसे साइबर खतरों की जानकारी दी गई। डॉ. गिरीश शर्मा ने कहा कि संस्थान उद्योगोन्मुखी प्रशिक्षण पर जोर दे रहा है। आगामी सत्रों में एआई और मशीन लर्निंग के उन्नत विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह कार्यक्रम युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन की प्रतिभाशाली बेटी दीक्षा को दी बधाई

**▸▸ दीक्षा ने चने की दाल के 12 दानों पर 12 ज्योतिर्लिंगों की पेंटिंग कर बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन की प्रतिभाशाली बेटी सुश्री दीक्षा की कला को वर्ल्ड वाइड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में स्थान मिलने पर बधाई दी है। सुश्री दीक्षा ने केवल 22 मिनट में 8 मिमी आकार की चने की दाल के 12 दानों पर 12 ज्योतिर्लिंगों की पेंटिंग बनाकर असाधारण कला का प्रदर्शन कर विश्व कीर्तिमान स्थापित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उसे उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सुश्री दीक्षा ने अपनी प्रतिभा से देश और प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। वर्ल्ड वाइड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में शामिल होकर दीक्षा ने एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर ली है।

# इस वर्ष के अंत तक 126 स्वास्थ्य संस्थान होंगे तैयार

**▸▸ स्वास्थ्य अधोसंरचना विकास कार्य समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश**



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में स्वास्थ्य अधोसंरचना विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएँ और उनकी सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों के साथ फर्नीचर, उपकरण एवं मानव संसाधन की समय पर उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए ताकि स्वास्थ्य संस्थानों में शीघ्र सेवाएँ प्रारंभ हो सकें। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जिन कार्यों में स्थल परिवर्तन या वृद्धि की आवश्यकता है, उनके प्रस्ताव शीघ्र भेजे जाएँ और प्राथमिकता से स्वीकृति की प्रक्रिया पूरी की जाए। बैठक में आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा धनराजू एस ने बताया कि निर्माण कार्यों के साथ ही आवश्यक सुविधाओं और मानव संसाधन की व्यवस्था भी की जा रही है। पीआईयू द्वारा कुल 137 स्वास्थ्य संस्थानों का निर्माण किया जा रहा है, जिनमें से 45 पूर्ण हो चुके हैं। जून अंत तक 7 और संस्थान पूरे किए जाएंगे। द्वितीय तिमाही में 28, तृतीय तिमाही में 33 तथा वर्ष के अंत तक 13 संस्थान पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

**समीक्षा** *सिकल सेल उन्मूलन अभियान को और तेज करने के निर्देश*

# विश्व सिकल सेल दिवस की तैयारियों की समीक्षा



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन अभियान को और अधिक प्रभावी एवं व्यापक स्तर पर संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि 19 जून को विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर पूरे प्रदेश में जागरूकता, स्क्रीनिंग, उपचार और दवा वितरण से संबंधित गतिविधियां बड़े स्तर पर आयोजित की जाएं, ताकि इस बीमारी के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़े और प्रभावित व्यक्तियों को समय पर उपचार मिल सके।

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा आयुष विभाग की समीक्षा बैठक में राज्यपाल ने कहा कि सिकल सेल एनीमिया की रोकथाम और उन्मूलन के लिए जनजातीय बहुल क्षेत्रों में विशेष निगरानी आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि आंगनवाड़ी केंद्रों पर प्रत्येक मंगलवार को माताओं और बच्चों को सिकल सेल एनीमिया से संबंधित जानकारी दी जाए। साथ ही नियमित जांच, उपचार और फॉलोअप गतिविधियों में किसी प्रकार की शिथिलता नहीं बरती जाए।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग ने सिकल सेल स्क्रीनिंग, कार्ड वितरण और दवा आपूर्ति की जिला-वार जानकारी प्रस्तुत की। आयुष विभाग ने रोगियों को परामर्श, उपचार और निरंतर संवाद के संबंध में किए जा रहे कार्यों का विवरण दिया। राज्यपाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि रोगियों और उनके परिजनों से नियमित फीडबैक भी लिया जाए, जिससे योजनाओं और सेवाओं की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया जा सके। राज्यपाल ने कहा कि विश्व सिकल सेल दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम केवल औपचारिकता तक सीमित न रहें, बल्कि उन्हें जनभागीदारी से जोड़कर प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने जागरूकता अभियान, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, उपचार परामर्श और दवा वितरण कार्यक्रमों को व्यापक स्तर पर आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सिकल सेल उन्मूलन के राष्ट्रीय अभियान में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों को निरंतर जारी रखना आवश्यक है। राज्यपाल ने वरिष्ठ अधिकारियों और मैदानी अमले की सराहना करते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर किए जा रहे कार्य सकारात्मक परिणाम दे रहे हैं। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार तथा संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। विश्व सिकल सेल दिवस के प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। जनजातीय क्षेत्रों में अभियान चलाने और समुदाय की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया।

# 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर प्रतिबंध

**▸▸ नदियों और उससे जुड़े जलाशयों में मछली पकड़ने पर रोक**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश में मछलियों के प्राकृतिक प्रजनन को बढ़ावा देने और जलीय पारिस्थितिकी के संरक्षण के लिए 16 जून से 15 अगस्त 2026 तक की अवधि को 'बंद ऋतु' (क्लोज सीजन) घोषित किया गया है। इन दो महीने की अवधि में प्रदेश की समस्त नदियों और उनसे जुड़े जलाशयों में मत्स्याखेट पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। गुरुवार को संचालनालय मत्स्योद्योग ने इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इस अवधि में यदि कोई भी व्यक्ति नियमों का उल्लंघन कर अवैध रूप से मत्स्याखेट या परिवहन करते हुए पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। प्रतिबंध से ऐसे छोटे तालाब या अन्य जल स्रोत जिनका किसी भी नदी से कोई संबंध नहीं है और जिन्हें 'निर्दिष्ट जल' की परिभाषा के अंतर्गत नहीं लाया गया है, उन पर यह नियम लागू नहीं होंगे। इन निजी या स्थानीय छोटे तालाबों में सामान्य दिनों की तरह मत्स्य पालन और आखेट किया जा सकेगा। मछुआ समुदाय को समय रहते जानकारी मिलने से मछुआरे किसी भी परेशानी से बच सकेंगे और नियमों का पालन कर प्राकृतिक रूप से मत्स्य बीज उत्पादन में सहयोग कर सकेंगे।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादकः डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादकः अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com ( * समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com